# जयपुर में हिमालयन काले भालुओं की नई जोड़ी आकर्षण का केंद्र

## जम्मू-कश्मीर से लाए गए इन भालुओं की जोड़ी को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रखा गया है

-कार्यालय संवाददाता-


**जयपुर** । नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर में पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण जुड़ गया है। जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर) से लाए गए एक नर एवं एक मादा हिमालयन काले भालू को गुरूवार से आमजन के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया गया।

- **वन मंत्री ने नर भालू का नाम हरि और मादा भालू का नाम कमला रखा। साथ ही बाघ शिवाजी एवं बाघिन रानी के पांच शावकों का नामकरण भी किया गया।**

वन, पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने गुरूवार को एनक्लोजर के डिस्प्ले एरिया का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। इसके साथ ही दोनों भालुओं को पर्यटकों के लिए खोला गया।

उद्यान प्रशासन के अनुसार नर भालू की आयु लगभग 30 माह तथा मादा भालू की आयु लगभग 21 माह है। मंत्री ने नर भालू का नाम हरि और मादा भालू का नाम कमला रखा।

इस अवसर पर बाघ शिवाजी एवं बाघिन रानी के पांच शावकों का नामकरण भी किया गया। नर शावकों के नाम सूर्या, शौर्य और विजय जबकि मादा शावकों के नाम अम्बे और वृंदा रखे गए। वन मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने जैविक उद्यान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) पवन कुमार उपाध्याय तथा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए अरुण प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**वन मंत्री संजय शर्मा ने गुरूवार को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघ और उनके शावकों की अठखेलियों को निहारा।**

## शारीरिक दक्षता परीक्षा 9 अप्रैल से

**जयपुर** । राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (दूरसंचार) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है।

लिखित परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन आगामी 9 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक राजस्थान पुलिस अकादमी पानीपेच, जयपुर में किया जाना प्रस्तावित है। भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड के उप महानिरीक्षक पुलिस मनोज कुमार ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से इन्हें ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थियों को अपना एक फोटोयुक्त मूल पहचान दस्तावेज लेकर नियत तिथि और समय पर बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# 'भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं, हर एक की बारी आएगी'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विपक्ष पर करारा प्रहार

**जयपुर (कासं)।** प्रदेश की राजनीति में तीखे बयानबाज़ी के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि खोखली जादूगरी और झूठ का सहारा लेकर केवल भ्रम फैलाया जा रहा है, लेकिन यह याद रखा जाए कि भ्रष्टाचार में लिप्त हर व्यक्ति की बारी आएगी।

मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग इंतजार शास्त्र की बात करते हैं और सोशल मीडिया पर बयानबाज़ी करते रहते हैं, लेकिन असल में यह झूठ का शास्त्र है, जो लगातार फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में युवाओं के पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाएं होती थीं, लेकिन अब उन पर सख्ती से रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि कितनों को जेल भेजा गया है, कितने अभी भी सलाखों के पीछे हैं-यह भी जनता देख रही है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन में हुए कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में भी कई लोग जांच के दायरे में हैं। आपके मंत्री जेल में हैं, अधिकारी जेल में जा रहे हैं और अभी सूची लंबी है, उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जिसने भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। हर दोषी को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

# 80 लाख रु. के डिजिटल अरेस्ट को लेकर डीजीपी और एसपी तलब

## पीड़ित वृद्धा को शहर में आवास उपलब्ध कराने के आदेश

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 80 लाख रुपए के डिजिटल अरेस्ट से जुडे मामले में डीजीपी और साइबर क्राइम एसपी को 27 मार्च को तलब किया है। अदालत ने दोनों अफसरों को वीसी से जुडने के आदेश देते हुए मामले के जांच अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने को कहा है।

अदालत ने कहा कि 83 वर्षीय पीडिता व्हीलचेयर पर अपने दिव्यांग भतीजे के साथ पेश हुई है। यह मामला अदालत की अंतरात्मा को गहरी चोट पहुंचाने वाला है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि अजमेर निवासी पीड़िता मुकदमे से जुड़ी कार्रवाई को लेकर शहर में रुकना चाहे तो राज्य सरकार उसे उच्चतम गुणवत्ता वाले आवास और भोजन की व्यवस्था करे। अदालत ने स्पष्ट किया है कि इसके लिए होने वाला खर्च राज्य सरकार स्वयं वहन करेगी। अदालत ने चेताया कि यदि आदेश की पालना नहीं हुई तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश नवीन तेमानी की ओर से दायर द्वितीय जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मामले में दस लाख रुपए में पीडित पक्ष से समझौता हो गया है। ऐसे में उसे जमानत दी जाए। वहीं अदालत में उपस्थित पीडित वृद्धा ने कहा कि मामले में चल रही कार्रवाई और जांच एजेंसी की ओर से न्याय नहीं न मिलने की वजह से वह पूरी तरह निराश है और उसे अस्सी लाख के बजाए दस लाख रुपए में समझौता करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। महिला ने अदालत को बताया कि वह जीवन के अंतिम चरण में है और पूरी तरह अकेली रहती है। उसकी देखभाल करने वाला भी कोई निकट संबंधी नहीं है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने डीजीपी और एसपी को तलब करते हुए वृद्धा को शहर में आवास और भोजन उपलब्ध कराने को कहा है।

# सामुदायिक केन्द्र के लिए आवंटित जमीन का उपयोग एक धर्म के लिए नहीं : कोर्ट

**जयपुर** । जयपुर मेट्रो-प्रथम की अपर सिविल न्यायाधीश अदालत ने एक फैसले में कहा है कि सामुदायिक केन्द्र के लिए आवंटित जमीन का उपयोग किसी एक धर्म विशेष के लिए नहीं हो सकता और न ही वहां पर उस धर्म विशेष की मूर्तियां ही स्थापित हो सकती हैं।

अदालत ने टोंक रोड के महावीर नगर स्थित श्री महावीर साधना संस्थान के सचिव को पाबंद किया है कि वह उसे आवंटित जमीन का उपयोग करने और उसकी सुविधाओं के उपयोग करने के लिए आमजन को वंचित नहीं करे। इस जमीन पर एक धर्म विशेष की मूर्तियां स्थापित नहीं करे और न ही इसका उपयोग किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए करें। कोर्ट ने यह आदेश शशि माथुर के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर दिया।

अदालत ने कहा कि जेडीए के 12 फरवरी 2016 के संशोधित साइट प्लान व लीज डीड और हाईकोर्ट के 22 मई 2015 के आदेश के अनुसार यह जमीन किसी अन्य उपयोग के लिए नहीं ली जा सकती।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि महावीर साधना संस्थान को आवंटित जमीन सामुदायिक केन्द्र के लिए दी थी, लेकिन इस जमीन का उपयोग केवल एक धर्म विशेष के कार्य के लिए ही हो रहा है। संस्थान ने स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य कर वहां मूर्तियां भी स्थापित कर दी हैं और इससे अन्य समुदायों के लोगों को परिसर के उपयोग से वंचित किया जा रहा है। जवाब में संस्थान का कहना था कि भूमि का उपयोग संस्थान के उद्देश्यों के अनुसार कर रहे हैं और यहां योग जैसी गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने संस्थान को जमीन का उपयोग किसी समुदाय विशेष के लिए नहीं करने के लिए पाबंद किया है।

# बिंदायका में प्रॉपर्टी कारोबारी पर फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर।** बिंदायका क्षेत्र में प्रॉपर्टी व्यवसायी पर फायरिंग और जानलेवा हमले के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पहले से ही हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और अपहरण जैसे गंभीर मामलों में कई प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 14 मार्च 2026 को परिवादी कमलदीप मीनापुर उर्फ कमल मीणा (45) निवासी सिरसी रोड ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह अपने साथी जितेन्द्र मीणा और ड्राइवर अनिल सिंह के साथ बालाजी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हाथोज फाटक के पास एक थार गाडी ने उनकी कार को टक्कर मारी। इसके बाद अन्य वाहनों ने भी घेरकर टक्कर मारी और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्तालय के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और कार्रवाई करते हुए आसीन उर्फ यासीन खान, विष्णु सिंह उर्फ लोकेन्द्र, गजेन्द्र सिंह उर्फ गज्जू बन्ना और इरशाद अली को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। उनसे घटना में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

# 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते कांस्टेबल व रिश्तेदार गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अलवर जिले के कठूमर थाने के कांस्टेबल और एक निजी व्यक्ति को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि हैल्पलाइन 1064 पर मिली शिकायत के अनुसार परिवादी के रिश्तेदार के खिलाफ दर्ज मुकदमे में मदद करने के नाम पर एएसआई नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामेश्वर सिंह और निजी व्यक्ति निरंजन सिंह द्वारा 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। इस शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी जयपुर रेंज के उपमहानिरीक्षक अनिल कयाल के निर्देशन में भरतपुर इकाई ने जांच की। इसके बाद दौसा एसीबी के उप अधीक्षक पुलिस रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल रामेश्वर सिंह और निरंजन सिंह को परिवादी से 20 हजार रुपए लेते पकड़ा गया। बरामद राशि निजी व्यक्ति के पास से जब्त की गई। मामले में एएसआई नरेंद्र सिंह की गिरफ्तारी शेष है।



**एसीबी ने अलवर के कठूमर थाने के कांस्टेबल और एक निजी व्यक्ति को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।**

## संकट की घड़ी में विपक्ष, सरकार के साथ : टीकाराम जूली

**जयपुर** । नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को मुख्यमंत्री द्वारा पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के मद्देनज़र एलपीजी और पेट्रोल संकट के विषय पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल होकर वर्तमान परिस्थितियों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को लेकर सकारात्मक सुझाव साझा किए। जूली ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपदा या संकट के समय विपक्ष पूरी तरह से जनता और सरकार के सहयोग के लिए तत्पर है, क्योंकि हर मुद्दे पर राजनीति नहीं की जाती।जूली ने कहा कि सरकार को किसी भी सूरत में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने चाहिए। पूर्व में कच्चा तेल सस्ता होने पर तेल कंपनियों और सरकारों ने भारी मुनाफा कमाया है, अत: अब यदि अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ती भी हैं, तो सरकार अपने टैक्स और स्पेशल सेस में कटौती करें।

# कांग्रेस ने सिस्टम को लूटा, व्यवस्थाओं का दम घोंटा : मंत्री गजेन्द्र खींवसर

## कोविड जैसी आपदा को कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने लूट का अवसर बनाया : चिकित्सा मंत्री

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा की प्रेस कॉन्फ्रेंस को तथ्यों से कोसों दूर बताते हुए कहा है कि यह बयानबाजी सच्चाई छुपाने और अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने का असफल प्रयास है। जिनके समय में सिस्टम को लूटा गया, व्यवस्थाओं का दम घोंटा गया, कोरोना जैसी आपदा को अवसर बना लिया गया, वे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। जनता के साथ अन्याय करने वालों को ऐसी बयानबाजी शोभा नहीं देती।

चिकित्सा मंत्री ने कहा है कि जिनके कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर था, वे आज नैतिकता की बात कर रहे हैं, यह जनता के साथ मजाक है। कौन नहीं जानता कि कोरोना जैसी आपदा में किस तरह लोगों को लूटा गया। दवा, मशीनों और उपकरणों की खरीद में किस तरह के घोटाले हुए। घोटालों की हद यह हो गई कि पूर्व मंत्री को स्वास्थ्य मंत्रालय से हटाना पड़ा।

मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने आरजीएचएस जैसी योजना को बिना तैयारी, बिना नियंत्रण और बिना जवाबदेही के लागू कर सरकारी खजाने को लूट का खुला माध्यम बना दिया गया था। पूर्व सरकार के समय फर्जी बिल, बिना मरीज इलाज, अनावश्यक और महंगी दवाओं के जरिए करोड़ों रुपये के क्लेम उठाए गए, क्या यही उनकी मॉडल हैल्थ व्यवस्था थी? आज जब हमारी सरकार उन गड़बड़ियों की जांच कर रही है, एफआईआर दर्ज कर रही है और वसूली कर रही है, तब विपक्ष को तकलीफ हो रही है।

खींवसर ने कहा कि पूर्व सरकार ने बिना पार्किंग, बिना विशेषज्ञ सलाह, बिना बजट के बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए-यह उनकी जल्दबाजी और दिखावे की राजनीति थी। हमारी सरकार ने इन्हें बंद नहीं किया, बल्कि सुधार कर आगे बढ़ाया-यही जिम्मेदारी है। आईपीडी टॉवर बिना प्लानिंग का ही स्मारक था। हमारी सरकार अतिरिक्त बजट और सुविधाएं बढ़ाकर इसे बेहतर योजना के साथ पूरा कर रही है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 तक प्रदेश में 8 ही मेडिकल कॉलेज थे। मेडिकल कॉलेजों की स्थापना केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत की जाती है। केंद्र में जब मोदी सरकार बनी तो उन्होंने हर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सोच के साथ नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी। उसका परिणाम रहा कि 2016 के बाद 23 नए मेडिकल कॉलेज राजस्थान में शुरू हुए। अगर कांग्रेस की नीतियों से ही इतने मेडिकल कॉलेज खुले होते तो राजस्थान में 2016 तक 8 ही मेडिकल कॉलेज नहीं होते।

उन्होंने कहा कि, जिला अस्पतालों को रैफरल सेंटर बताना और ऑक्सीजन प्लांट्स पर सवाल उठाना साफ तौर पर झूठ फैलाने का प्रयास है। हकीकत यह है कि पिछली सरकार के समय 49 जिला अस्पताल थे, अब 63 हैं। स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बदलकर 7 से बढ़ाकर 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की गई हैं। सीएचओ की भर्ती से उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी प्रभावी रूप से सेवाएं मिल रही हैं। टेलीमेडिसिन की सुविधा से लोगों को उपचार लेने में आसानी हुई है। गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि, कांग्रेस सरकार ने भर्ती के नाम पर सिर्फ विज्ञापन निकाले थे, इसलिए स्टाफ के अभाव में उस समय जिला या उससे निचले स्तर के अस्पताल सिर्फ रेफरल सेंटर थे। हमने दो साल में ही 35 हजार पदों पर भर्तियां की, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों तक स्वास्थ्य संस्थान सुचारू रूप से चल रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय विशेषज्ञों की नियुक्ति के अभाव में ज्यादातर ट्रोमा और एफआरयू सेंटर बंद पड़े थे।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को सजा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 16 साल की पीडिता का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले ओमप्रकाश को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी केसी अटवासिया ने अभियुक्त पर 1.75 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक कमलेश शर्मा ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता के पिता ने 19 नवंबर, 2022 को सांभरलेक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी 16 साल की बेटी सुबह स्कूल के लिए निकली थी। रास्ते में अभियुक्त मिला और उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर अपने साथ कार में ले गया। दोपहर को पीडिता बेसुध वापस आई और अपने साथ हुए दुष्कर्म के बारे में बताया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि घटना के दिन अभियुक्त उसे बेहोश कर एक होटल में ले गया था। जहां उसने उसे अपनी पत्नी बताकर कमरा लिया। यहां अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वापस उसे घर के पास छोड गया।

# गौवंश का कटा सिर मिलने से फैली सनसनी

## बजरंग दल ने किया विरोध प्रदर्शन, मौके पर पहुंचा पुलिस जाब्ता

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में बुधवार देर रात गौवंश का कटा सिर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और घटना स्थल पर सैकड़ों लोग जमा हो गए । इसी दौरान बजरंग दल के कार्योकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और विरोध-प्रदर्शन करने लग गए। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बजरंग दल के कार्योकर्ता से समझाईश करने का प्रयास किया । जिसके बाद प्रदर्शनकारी थाने के सामने जा पहुंचे और घेरराव कर दिया। पुलिस ने मामले को शांत करवाने के लिए तुरंत विकास के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि थाना इलाके में स्थित वैधपुरी इलाके में रहने वाले विकास हरिजन की गाय के बछड़े को चार दिन पहले कुत्ते ने काट लिया था। जिससे बछड़े की मौत हो गई। जिसके बाद गाय ने दूध देना बंद कर दिया। दुध के लालच में विकास ने बछड़े का सिर गाय के सामने लाकर रख दिया। बछड़े का सिर रखा देखकर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। गोवंश का सिर पडा होने का वीडियो वायरल होने के बाद बजरंग दल के जिला सचिव जीत अपने समर्थकों के साथ थाने पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करना शुरु कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाही करते हुए विकास हरिजन (30) वैधपुरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

- **दोषियों पर जल्द कार्रवाई करने की समझाईश पर हुआ मामला शांत**



**रामनवमी पर जयपुर के चांदपोल बाजार स्थित श्रीरामचंद्रजी मंदिर में भगवान का अभिषेक और विशेष पूजा अर्चना की गई। फोटो-राष्ट्रदूत**

## मुरलीपुरा में श्रीमद् भागवत कथा 29 से

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्थित अर्चना नगर में आगामी 29 मार्च से 5 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन स्थानीय लोगों सहयोग से किया जा रहा है।संगीतमय भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें श्रद्धालु धर्म, भक्ति और ज्ञान का लाभ प्राप्त करेंगे। कथा का वाचन आचार्य प्रेमनारायण भारद्वाज की ओर से किया जाएगा। वह अपने प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मार्च को प्रात: 9:15 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

# 'समाज की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी जरूरी'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संघ (रुवा) के स्वर्ण जयंती समापन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित शैक्षिणक, सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोहों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से स्मरणीय बना दिया।

मुख्य अतिथि शुभ्रा सिंह, आईएएस ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका निरंतर सशक्त हो रही है और समाज की प्रगति में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मनरेगा योजना में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता को आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने अंगदान जैसे मानवीय कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आव्हान करते हुए नागरिकों को जिम्मेदार भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि शिखा मेहरा, आईएफएस ने कहा कि रुवा ने विगत वर्षों में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यह संगठन समाज में सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। विश्वविद्यालय की कुलपति एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो. अल्पना कटेजा ने अपने संदेश के माध्यम से आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ रुवा गीत एवं स्वागत उद्बोधन से हुआ। अध्यक्ष प्रो. अमला बत्रा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके पश्चात प्रो. लाड कुमारी जैन ने रुवा की 50 वर्षों की उपलब्धियों एवं प्रेरणादायक यात्रा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान रुवा की पत्रिका का विमोचन किया गया। साथ ही प्रो. रश्मि जैन, प्रो. जया चक्रवर्ती, प्रो. अंशु डांडिया एवं प्रो. गीता चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया।




**राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संघ का स्वर्ण जयंती समारोह गुरूवार को संपन्न हुआ।**